# रोडवेज बस से 61 किलो डोडा-चूरा जब्त, दो महिलाओं सहित तस्कर गिरफ्तार

## केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की


केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम ने दो बैग में भरा डोडा-चूरा बरामद किया।

- अकलेरा-झालावाड़ से कोटा जा रही रोडवेज बस व देवली-जयपुर राजमार्ग पर सोनवा टोल प्लाजा के पास रोडवेज की बस में कार्रवाई की

**कोटा,** (निसं)। अवैध मादक पदार्थों व तस्करों के खिलाफ केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो टीम ने अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई करते हुए रोडवेज बस से दो महिलाओं सहित एक व्यक्ति को पकड़कर उनके पास तलाशी के दौरान 61 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा बरामद किया। यह कार्रवाई उप-नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल के मार्गदर्शन में की गई है।

उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि नशीली दवाओं के खिलाफ अभियान जारी रखते हुए कोटा और झालावाड़ संभाग के अफीम उत्पादक क्षेत्र में रोकथाम के लिये तैनात केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) भवानीमंडी के अधिकारियों ने अकलेरा-झालावाड़ से कोटा जा रही रोडवेज बस में गोबरिया बावड़ी बस स्टैंड कोटा से यात्रा कर रहे एक व्यक्ति को पकड़ा, जिसके पास तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 20.800 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा से भरे दो बैग बरामद किये। उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद दो बैगों से बरामद किये गये अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा को एनडीपीएस एक्ट में जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। मामले में आगे की जांच प्रकिया जारी है।

केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) जयपुर के अधिकारियों ने देवली-जयपुर राजमार्ग पर सोनवा टोल प्लाजा के पास रोडवेज की बस में कार्रवाई करते हुए दो महिलाओं के पास से तीन बैगों से अवैध मादक पदार्थ 40.300 किलोग्राम अवैध डोडा-चूरा पाउडर बरामद किया। उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि पंजाब निवासी दो महिलाएं राजस्थान रोडवेज की बस में बस्सी चित्तौड़गढ़ से जयपुर के रास्ते पंजाब में तस्करी का अवैध डोडा-चूरा पाउड़र ले जा रही है।

उन्होंने बताया कि उक्त सूचना पर सीबीएन जयपुर के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और उक्त बस व व्यक्तियों को पकड़ने के लिये भेजा गया। उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि रोडवेज बस को सोनवा टोल प्लाजा देवली-जयपुर हाईवे पर रोका गया और बस की तलाशी ली गई। उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि टीम ने कार्रवाई करते हुए बस में तलाशी के दौरान तीन बैगों से 40.300 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा पाउडर बरामद किया। उन्होंने बताया कि टीम ने कानूनी कार्यवाही कर अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा पाउडर को जब्त कर मादक पदार्थ तस्करी में शामिल दोनों महिलाओं को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया। मामले में आगे की जांच की जा रही है।

# मौसम खराबी से दिल्ली से बीकानेर आकर वापस लौटा विमान

## मौसम खराब होने के कारण दिल्ली से बीकानेर पहुंचा ये विमान लैंडिंग नहीं कर पाया

- मौसम में गड़बड़ी के कारण जयपुर से वापस दिल्ली गया, यात्री परेशान रहे

**बीकानेर,** (निसं)। बीकानेर से दिल्ली के बीच चलने वाली विमान सेवा का उपयोग करने वाले यात्रियों को परेशान होना पड़ा। मौसम खराब होने के कारण दिल्ली से बीकानेर पहुंचा ये विमान लैंडिंग नहीं कर पाया। ये विमान बीकानेर तक पहुंचकर वापस जयपुर के लिए निकल गया, जहां एक बार लैंडिंग हुई लेकिन फिर बीकानेर के लिए उड़ान भरने के बाद इसे दिल्ली में उतारना पड़ा। परेशान यात्रियों को आखिरकार कार टेक्सी से बीकानेर भेजा गया।

जानकारी अनुसार दिल्ली से बीकानेर आने वाली फ्लाइट बीकानेर सिविल एयरपोर्ट तक पहुंच गई लेकिन मौसम खराब होने के कारण इसे नीचे नहीं उतारा गया। पायलट ने विमान को बीकानेर एयरपोर्ट पर उतारने के बजाय जयपुर की ओर मोड़ लिया। जयपुर में ये विमान लैंड हुआ। यहां मौसम ठीक होने पर फिर से बीकानेर के लिए फ्लाइट उड़ी लेकिन बीच रास्ते में फिर से मौसम बिगड़ गया। ऐसे में पायलट ने इसे दिल्ली के लिए ही मोड़ दिया। दिल्ली में फ्लाइट उतरने के बाद यात्रा को रद्द कर दिया गया। ऐसे में दिल्ली से बीकानेर और बीकानेर से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को परेशान होना पड़ा। आपातकाल में टिकट करवाकर जाने वाले यात्रियों को तो एयरपोर्ट प्रशासन ने टेक्सी करवाकर दिल्ली भेजा। वहीं दिल्ली से भी यात्रियों को कार टेक्सी में ही बीकानेर आना पड़ा। बताया जा रहा है कि विमान में सीमित मात्रा में इंधन होता है, ऐसे में ज्यादा समय तक उसे हवा में रखना संभव नहीं था। लिहाजा बीकानेर एयरपोर्ट के ऊपर उड़ते हुए मौसम सुधरने का इंतजार करने के बजाय इसे जयपुर ले गए। यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पायलट ने निर्णय लिया और बीकानेर पहुंचकर भी सभी को वापस लेकर दिल्ली पहुंच गए।

# कार-ट्रोला की भिड़ंत में कार चालक की मौत, तीन घायल

**हनुमानगढ़,** (निसं)। यहां पल्लू थाना क्षेत्र में भारतमाला राष्ट्रीय राजमार्ग पर धीरदेशर की रोही के पास देर रात एक कार ने ट्रोले को पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार चालक मानक (40) की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार राकेश (32), उनकी पत्नी शर्मिला (32) और 5 वर्षीय बेटी यशस्वी घायल हो गए। तीनों घायलों को हनुमानगढ़ ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

पल्लू थानाधिकारी सुशील कुमार के अनुसार, हादसा रात करीब एक बजे हुआ। कार सवार नोखा (बीकानेर) से सीतो (पंजाब) के लिए दर्शन करने जा रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पल्लू और पीलीबंगा पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के शव को पल्लू के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मॉर्च्युरी में रखा गया है। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात बहाल किया है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को हादसे का कारण माना जा रहा है।

# कोचिंग सेंटर से लैपटॉप सहित नगदी चोरी

- घटना का पता सुबह सेंटर खोलने पर चलाए जब सामान अस्त-व्यस्त मिला

**अजमेर,** (कासं)। शहर में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। क्लॉक टावर थाना क्षेत्र के केसरगंज स्थित बाबू मोहल्ला में अज्ञात चोरों ने एक कोचिंग सेंटर को निशाना बनाते हुए सेंटर से कीमती सामान सहित नगदी पर हाथ साफ कर फरार हो गए।

अज्ञात चोर पीछे के रास्ते से सेंटर में दाखिल हुए और चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। सेंटर मालिक ने पुलिस में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हे।

क्लॉक टावर थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाबू मोहल्ला केसरगंज में कोचिंग सेंटर संचालक मयंक ने थाने में रिपोर्ट दी है कि उनके कोचिंग सेंटर में बीती रात अज्ञात चोर पीछे के रास्ते से घुसे और ऑफिस में रखे लैपटॉप, पानी की मोटर और दस हजार रूपए नगद चुरा कर ले गए। घटना का पता सुबह सेंटर खोलने पर चलाए जब सामान अस्त-व्यस्त मिला। पुलिस ने मयंक की रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## निवेश के नाम पर धोखाधड़ी की

**उदयपुर,** (निसं)। निवेश के नाम पर पीड़ित के खाते का दुरूपयोग कर धोखाधड़ी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित मेहता दिव्येश पुत्र जयेश भाई जैन निवासी हाउसिंग बोर्ड सलाना रोड़ ए डिविजन मोवरी गुजरात ने आरोपी राजेवीर सैनी व कुलदीप के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया जिसमें पीड़ित ने बताया कि आरोपियों से संपर्कहोने पर उन्होंने निवेश करने के लिए लोटस कंपनी में काम करने के लिए करंट खाते की आवश्यकता होना बताया तथा उपयोग किए जाने वाले खाते के एवज में एक प्रतिशत लाभ देने की भी बात कही।


# नीम हकीम के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

**उदयपुर,** (निसं)। प्रसव पश्चात पीड़िता की मौत होने पर पति ने नीम हकीम के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसर जिले के बावलवाड़ा थाना क्षेत्र सामगवाड़ा फला सामरेट बावलवाड़ा निवासी हरिश पटेला पुत्र रामजी पटेला ने ई-मित्र के साथ क्लिनीक चलाने वाले सामरेट सागतवाड़ा बावलवाड़ा निवासी डॉ. दिनेश पटेला के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया जिसमें पीड़ित ने बताया कि 10 अप्रेल को मेरी पत्नी के पेट दर्द होने से आरोपी के क्लिनिक पर ले गए। जहां इंजेक्शन लगाने के बाद मेरी पत्नी पुष्पा ने बच्ची को जन्म दिया। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच थानाधिकारी गणेपतसिंह कर रहे है। आरोपी ईमित्र व क्लिनीक चलाता था। इस दौरान आने वाले बीमार ग्रामीणों का उपचार भी किया करता था। इसको लेकर पडताल की तो आरोपी के पास किसी प्रकार की चिकित्सालय करने को लेकर लाईसेंन्स नहीं होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अवैध पोस्त-चूरा बरामद, दो जने गिरफ्तार

## पंजाब नंबर के ट्रक से 33 किलो 820 ग्राम अवैध पोस्त-चूरा बरामद किया


पुलिस ने पोस्त-चूरा बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**सादुलपुर,** (निसं)। स्थानीय पुलिस ने राजगढ़-चूरू राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक को जब्त कर 33 किलो 820 ग्राम अवैध पोस्त-चूरा बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि शनिवार दोपहर बाद नाकाबंदी के दौरान चूरू की ओर से आ रहे एक पंजाब नंबर के ट्रक को जांच के लिए रुकवाया गया।

चालक से ट्रक में क्या भरा हुआ है आदि पूछताछ करने पर चालक घबरा गया तथा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया जिस पर ट्रक में सवार चालक से नाम पता पूछा तो अपना नाम विकास कुमार पुत्र कृष्ण कुमार जाट, पास बैठे हुए व्यक्ति ने अपना नाम सुशील कुमार पुत्र हनुमान सिंह बिश्नोई निवासी धांगड़ पुलिस थाना सदर फतेहाबाद जिला फतेहाबाद हरियाणा होना बताया। पुलिस ने ट्रक के केबिन की तलाशी ली तो एक प्लास्टिक कट्टे में भरा हुआ 33 किलो 820 ग्राम अवैध पोस्त-चूरा बरामद किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर ट्रक को जब्त कर लिया है। थानाधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पोस्त चूरा 11 अप्रैल को रतलाम मध्य प्रदेश में स्थित तेजाराम जाट निवासी नागौर बीकानेर राजस्थानी ढाबा से लेकर आए हैं। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दुपहिया वाहन चोरी करने वाली गैंग पकड़ी

- छह आरोपी गिरफ्तार, 27 दुपहिया वाहन बरामद किये

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के भुपालपुरा थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए अर्न्तजिला गैंग के छह आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्ज से चोरी किए गए 27 वाहनों को बरामद किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की धरपकड़ के आदेश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में भुपालपुरा थानाधिकारी आदर्श कुमार के नेतृत्व में एएसआई अमृतलाल मय टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर देवीलाल पुत्र कालुलाल रावत निवासी नाई कॉलोनी वाना खेरोदा को बाइक चोरी मामले में डिटेन किया।

जिसने पूछताछ में गैंग के अन्य सदस्यों के नाम शिवलाल पुत्र भीमलाल निवासी मैनार खैरोदा, लक्ष्मणलाल पुत्र चुन्नीलाल निवासी खेडली का वेला मैनार खैरोदा, लक्ष्मण पुत्र चतरा भील निवासी दईमाता गोवर्धन विलास, रवि खटीक पुत्र मदनलाल निवासी खटीक मोहल्ला मंगलवाड़, ओमप्रकाश पुत्र भेरूलाल खटीक निवासी खटीक मोहल्ला हथियाना कपासन के साथ मिल कर दुपहिया वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देना बताया। इस पर आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी किए गए 27 दुपहिया वाहनों को जब्त किया। गैंग का सरगना देवीलाल है तथा साथी रवि मंगलवाड़ा थाने का हिस्ट्रीशिटर होकर उसके खिलाफ सात प्रकरण दर्ज है। ओमप्रकाश के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के दो प्रकरण, लक्ष्मण भील के खिलाफ एक एक प्रकरण दर्ज है। देवीलाल व रवि ने नये साथियों को गैंग मेंशामिल कर तीन चार माह में वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देकर सस्ते में बेचना बताया। पूछताछ में आरोपियों ने भुपालपुरा थाना क्षेत्र से 10, हिरणमगरी क्षेत्र से 8, सूरजपोल क्षेत्र से 2 एवं सांवरियाजी, डबोक, वल्लभनगर, प्रतापनगर थाना क्षेत्रों से एक एक वाहन चोरी करना स्वीकार किया।

**मंदिर से दानपेटी चोरी :** उदयपुर शहर के नाई थाना क्षेत्र में स्थित मंदिर से चोर दानपेटी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नाई थाना क्षेत्र धार स्थित वैष्णोदेवी मंदिर का 11 अप्रेल रात में अज्ञात चोर ताला तोड़ कर दानपेटी चुरा ले गए। इसका पता चलने पर प्रबंधक मोहनलाल पुत्र छगनलाल गुर्जर गोरेला नाई ने पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। मामले की जांच हेडकांस्टेबल हंसराज कर रहे हैं।

# गंदे पानी की समस्या से परेशान वार्डवासियों ने प्रदर्शन किया

## महिलाओं ने पूर्व पार्षद के घर पर जाकर प्रदर्शन किया और कहा कि गंदा पानी नहीं चाहिए


महिलाओं ने गंदे पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया।

- आरोप है कि यह पानी ना केवल गंदा और बदबूदार आता है, बल्कि कई बार पानी में कीड़े भी आते हैं

**झुंझुनूं,** (निसं)। शहर में एक तरफ पानी सप्लाई की समस्या है। तो वहीं जहां पानी पहुंच रहा है, वहां पर भी समस्या साथ ही पहुंच रही है। समस्या को लेकर झुंझुनूं शहर के वार्ड नंबर 26 व 28 के लोगों ने पूर्व पार्षद के घर के बाहर प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार झुंझुनूं शहर के वार्ड नंबर 26 व 28 में पहले ट्यूबवैल से पानी सप्लाई किया जाता था, लेकिन कुछ समय से उनका ट्यूबवैल कनेक्शन हटाकर उन्हें कुंभाराम लिफ्ट कैनाल परियोजना के अंतर्गत नहरी पानी की सप्लाई की जाने लगी है। वार्ड के लोगों का आरोप है कि यह पानी ना केवल गंदा और बदबूदार आता है, बल्कि कई बार पानी में कीड़े भी आते हैं। इस पानी को कोई काम में नहीं ले सकता। कभी-कभार साफ करके और उबालकर पानी काम में भी ले लेते हैं तो शरीर में खुजली जैसी शिकायतें या फिर बच्चों को उलटी-दस्त जैसी शिकायतें होने लगती है। अब वे परेशान हो चुके हैं, उनके पानी के कनेक्शन ट्यूबवैल से वापिस करवाने की मांग को लेकर दो वार्डों की महिलाएं बड़ी संख्या में पूर्व पार्ष सादा के घर पहुंची और प्रदर्शन किया। साथ ही चेताया कि यदि उनका कनेक्शन फिर से ट्यूबवैल से नहीं जोड़ा जाएगा तो वे उग्र प्रदर्शन करेगी।

# दुधवा में अवैध खनन को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया

## ग्रामीणों ने प्रशासन से अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की, कार्रवाई नहीं होने पर बड़े प्रदर्शन की चेतावनी दी


खेतड़ी उपखण्ड के दुधवा में ग्रामीणों ने अवैध खनन को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

- आरोप है कि आबादी क्षेत्र से करीब 20 मीटर की दूरी पर ही आयरन पत्थर की लीज है, जिसमें अवैध खनन माफिया देर रात को अवैध रूप से भारी ब्लास्टिंग करते हैं
- आए दिन ब्लास्टिंग से बस्ती के अनेक मकानों में दरारें आ गई हैं, ब्लास्टिंग से आयरन मिनरल के पत्थर उनके घरों में आकर गिरते हैं

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी उपखण्ड के दुधवा में ग्रामीणों ने अवैध खनन को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावी रोक लगाने की मांग की है।

विरोध कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि दुधवा गांव में बाहर से आकर लोगों द्वारा अवैध रूप से खनन किया जा रहा है। आबादी क्षेत्र से करीब 20 मीटर की दूरी पर ही आयरन पत्थर की लीज है, जिसमें अवैध खनन माफिया देर रात को अवैध रूप से भारी ब्लास्टिंग करते हैं। आए दिन होने वाली ब्लास्टिंग से बस्ती के अनेक मकानों में दरारें आ गई हैं। इसके अलावा अवैध भारी ब्लास्टिंग से आयरन मिनरल के पत्थर उनके घरों में आकर गिरते है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। हैवी ब्लास्टिंग से ग्रामीण भय के साए में जीने को मजबूर है। ग्रामीण बेगराज गुर्जर ने बताया कि अवैध खनन को लेकर प्रशासन को बार-बार सुचित कर चुके हैं लेकिन प्रशासन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने बताया कि यदि जल्द अवैध खनन पर कार्रवाई नहीं हुई तो तो ग्रामीणों की ओर से बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

**परिवार बिखरा पुत्रवधु सुसराल छोड पिहर में रहने को मजबूर :**-ग्रामीण राजबाला ने बताया कि जनवरी माह में बेटे का विवाह हुआ था। उसकी पुत्रवधु घर पर काम कर रही थी तभी माइनिंग में अवैध ब्लास्टिंग हुई और ब्लास्टिंग से कई पत्थर आकर हमारे घर पर गिरे। इस दौरान पत्थर उसकी पुत्रवधु प्रियंका और सविता के सिर पर आकर लगे, वो चोटिल हो गई। ऐसा इनके साथ कई बार हो गया जिससे उसकी दोनों पुत्रवधु अवैध ब्लास्टिंग से भयभीत हो गई और अपने पिहर जाकर रहने लग गई। इन खनन माफियों कि वजह से उनका घर बिखर गया।

**राजनीतिक संरक्षण में चल रहा है अवैध खनन :-** ग्रामीण मनीष घुमरिया ने विरोध प्रदर्शन करते हुए बताया कि छह माह पहले तक यह लीज बिल्कुल बंद थी, लेकिन राजनैतिक संरक्षण मिलने से अवैध खनन माफिया का हौसला बुलंद है। उन्होंने फिर से लीज को चालू कर ली और अवैध खनन करना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने कई बार उपखंड अधिकारी खेतड़ी को भी कई बार अवगत करवा दिया, लेकिन खनन माफिया को राजनैतिक संरक्षण प्राप्त होने प्रशासन भी कार्रवाई करने से कतराता है।

**क्षेत्रीय विधायक को भी कर चुके हैं शिकायत :-**ग्रामीणों बताया कि इस मामले को लेकर 8 अप्रैल को क्षेत्रीय विधायक से मिले और अपनी पीड़ा बताई, लेकिन अभी तक भी खनन माफिया भारी ब्लास्टिंग कर रहे हैं। विधायक ने आश्वासन दिया था कि खनन माफिया पर जल्द ही कार्रवाई होगी, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ। आखिर ग्रामीण जाए तो किसके पास जाए।

ग्रामीणों ने बताया कि शासन प्रशासन अवैध खनन पर कोई भी कार्रवाई नहीं करता है, तो मजबूर हो कर ग्रामीण उपखण्ड कार्यालय खेतड़ी पर बड़ा विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि ग्रामीण अपने परिवार, पशुओं के साथ उपखण्ड कार्यालय खेतड़ी का घेराव करेंगे और वही धरना देंगे और जब तक नहीं उठेंगे जब तक अवैध खनन बंद नहीं होगा और अवैध खनन माफिया पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं होती। इस विरोध प्रदर्शन में हवासिंह, जगदीश, महेन्द्र, सुरेन्द्र, अशोक, सरजित, बंशीधर, रोहताश, धीरज, प्रदीप, मुकेश, सुमन, रोहित, सुमन, सुमित्रा, राजबाला, संतोष, सारदा, पतासी, कुसुमलता, कृष्णा, इंदरा, रजनी, संजय, रामकिशन, संदीप, दलीप, विकास, अनिल, अजय, मंजीत, महावीर, मनीष, दाताराम सहित अनेक ग्रामीण जन मौजूद थे